वर्ष- 02 अंक- 326

छपरा

12 अक्टूबर रविवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## जम्मू-कश्मीर में हो रहा विकास, वहां की 99.99 प्रतिशत जनता भारत सरकार के साथ; सुप्रीम कोर्ट में केंद्र

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के मामले में केंद्र सरकार वहां की सरकार से परामर्श कर रही है। जम्मू-कश्मीर क्षेत्र ने प्रगति की है और सभी खुश हैं। वहां के 99.99 प्रतिशत लोग भारत सरकार को अपनी सरकार मानते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट के सामने यह बात कही। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली कई याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को और चार सप्ताह का समय दे दिया।



मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का संदर्भ देते हुए कहा, सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद ही केंद्र निर्णय ले सकता है...देखिए पहलगाम में क्या हुआ था। अदालत ने 14 अगस्त को केंद्र से इस मामले में याचिका पर जवाब देने को कहा था। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए और एक निर्वाचित सरकार बनी। मेहता ने कहा कि पिछले छह वर्षों में जम्मू-कश्मीर में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। लोग खुश हैं। उन्होंने दलील दी कि हाल के दिनों में पहलगाम हमले सहित कुछ घटनाएं हुई हैं और राज्य का दर्जा बहाल करने पर अंतिम निर्णय लेने से पहले इन सभी घटनाओं पर विचार करना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- वॉट्सएप क्यों, स्वदेशी एप अपनाएं

## सोशल मीडिया अकाउंट्स को सस्पेंड-ब्लॉक करने के नियम बनाने की मांग थी, याचिका खारिज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका खारिज कर दिया, जिसमें देशभर में सोशल मीडिया अकाउंट्स को सस्पेंड या ब्लॉक करने के नियम बनाने की मांग थी। याचिकाकर्ता चाहते थे कि सोशल मीडिया कंपनियां अकाउंट सस्पेंड या ब्लॉक करने में साफ प्रक्रिया, पारदर्शिता और संतुलन रखें। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अनुच्छेद 32 के तहत कहा कि वॉट्सएप तक पहुंच को मौलिक अधिकार कैसे कहा जा सकता है। बेंच ने यह भी कहा कि हाल ही में एक देशी मैसेजिंग एप लॉन्च हुआ है, जिसे याचिकाकर्ता इस्तेमाल कर सकते हैं। कोर्ट ने यह सुझाव भी दिया कि अगर चाहें तो याचिकाकर्ता इस मामले को निचली अदालत में भी ले जा सकते हैं।




**स्वदेशी एप अरट्टाई के डाउनलोड 100 गुना तक बढ़े**- सुप्रीम कोर्ट ने दरअसल जोहो कंपनी का नया मैसेजिंग एप 'अरट्टाई' का जिक्र किया था। इस एप के डाउनलोड में सितंबर में 100 गुना बढ़ोतरी हुई। 3 अक्टूबर तक इसे 75 लाख बार डाउनलोड किया जा चुका था। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी इस एप का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 35,440 करोड़ रुपये की दो बड़ी कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया

# मोदी बोले-हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए

### पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि, कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था।

पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए।

**पिछली सरकारों ने पिछड़े जिलों को भुलाया :** पीएम मोदी ने कहा- पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले (Aspirational Districts) घोषित किया।

इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20% बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17% बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15त्न से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

**दूध के प्रोडक्शन भारत नंबर 1 :** पीएम ने कहा- भारत दुनिया में दूध उत्पादन में नंबर वन हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। 2014 के मुकाबले शहद का उत्पादन भी दोगुना हुआ है। अंडे का प्रोडक्शन भी पिछले 11 सालों में दोगुना हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अन्न उत्पादन में लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों का उत्पादन 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है। पिछले 11 सालों में देश में छह बड़े फर्टीलाइजर प्लांट बनाए गए। किसानों को 2.5 करोड़ से अधिक मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड बांटे। माइक्रो-इरीगेशन की सुविधा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंची। पीएम फसल बीमा योजना से लगभग 2 लाख करोड़ के क्लेम मिले।



### 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पादक संघ का गठन

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पादक संघ (FPOs) का गठन किया गया। इन सालों में देश के किसानों ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आज देश का स्वभाव ऐसा हो गया है कि सिर्फ कुछ उपलब्धियों से संतुष्टि नहीं होती। यदि हम विकसित बनना चाहते हैं, तो हमें हर क्षेत्र में लगातार सुधार करना होगा। पीएम धन-धान्य कृषि योजना इसी सोच का परिणाम है।

**815 करोड़ के प्रोजेक्ट की नींव रखी**-पीएम मोदी ने कार्यक्रम में 815 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाली आंध्र प्रदेश में इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन और वैल्यू एडिशन सुविधाएं, उत्तराखंड में ट्राउट मत्स्य पालन, नगालैंड में एकीकृत एक्वा पार्क, पुडुचेरी में स्मार्ट फिशिंग हार्बर और ओडिशा के हीराकुंड में एडवांस्ड एक्वा पार्क की भी नींव रखी।

### शिवराज सिंह चौहान बोले- किसानों को सही मूल्य मिले

कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) बढ़ाया है। MSP बढ़ाने से तय हुआ है कि किसानों को उनकी उपज के लिए सही और पूरा मूल्य मिले। हम प्रधानमंत्री के आभारी हैं क्योंकि पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत अब तक डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपए जमा किए जा चुके हैं।

दाल उत्पादन मिशन के लक्ष्य...

- दालों की पैदावार बढ़ाई जाएगी।
- खेती का क्षेत्र बढ़ाया जाएगा।
- दाल की खरीद, स्टोरेज और प्रोसेसिंग को बेहतर बनाना।
- नुकसान को कम करने के उपाय किए जाएंगे।


## मोहन भागवत बोले:आरएसएस जैसी संस्था केवल नागपुर में बन सकती थी

### यहां पहले से त्याग-समाज सेवा की भावना

**नागपुर,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा, देश में कई लोग हिंदुत्व पर गर्व करते थे और हिंदू एकता की बात करते थे, लेकिन RSS जैसी संस्था केवल नागपुर में ही बन सकती थी। यहां पहले से ही त्याग और समाज सेवा की भावना थी।

उन्होंने कहा- RSS ने हाल ही में दशहरे पर अपने 100 साल पूरे किए। इसकी स्थापना साल 1925 में नागपुर में डॉ. हेडगेवार ने की थी। संगठन का उद्देश्य समाज में अनुशासन, सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना था।

**शुक्रवार को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा :** छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज की स्थापना अपने लिए नहीं, बल्कि ईश्वर, धर्म और राष्ट्र के लिए की थी। उन्होंने लोगों को एक महान उद्देश्य के लिए जोड़ा। उनकी एकता की भावना ने समाज को ताकत दी। जब तक उनके आदर्श जीवित रहे, तब तक समाज में प्रगति और विकास होता रहा। उनके विचारों ने आगे चलकर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम तक को प्रेरित किया।



### भागवत बोले- इतिहास से सीखें

RSS चीफ ने कहा कि ब्रिटिश शासन ने योजनाबद्ध तरीके से उन प्रतीकों और परंपराओं को खत्म करने की कोशिश की, जो भारतीयों को एकजुट करती थीं। इसलिए इतिहास से सीखें और उन लोगों की निस्वार्थ भावना को याद रखें, जिन्होंने समाज और देश के हित के लिए काम किया

100 साल का संघ, एपिसोड-1-मुस्लिमों का साथ देने पर गांधी से नाराज एक कांग्रेसी ने बनाया RSS, उनकी आखिरी चिट्ठी पढ़ सब हैरान क्यों रह गए

### अफगानी मंत्री ने महिला पत्रकारों की एंट्री रोकी

# प्रियंका का पीएम से सवाल- महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया; केंद्र बोला- हमारा कोई रोल नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी से पूछा- भारत में हमारे ही देश की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही देश की रीढ़ और गौरव हैं।

वहीं, विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका कोई रोल नहीं था। न ही उनकी तरफ से पत्रकारों को बुलाया गया था। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अफगानी एंबेसी में हुई थी।

विदेश मंत्रालय ने कहा- जब अफगानिस्तानी मंत्री दिल्ली आए तो मुंबई स्थित अफगानिस्तान के काउंसिल जनरल ने ही 10 अक्टूबर को चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रण भेजा था। अफगान दूतावास भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। बता दें कि अफगानी विदेश मंत्री 9 से 16 अक्टूबर तक भारत दौरे पर हैं।



भारत दौरे पर अफगानी मंत्री, सिर्फ पुरुष पत्रकारों से बात की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर मुत्तकी 9 अक्टूबर से भारत दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों मंत्रियों की मीटिंग के बाद कोई जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हुई। अफगानी मंत्री ने अकेले अफगानिस्तान दूतावास में मीडिया से बात की।

हालांकि, इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में केवल चुनिंदा पुरुष पत्रकार और अफगान दूतावास के अधिकारी ही शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक भी महिला पत्रकार नहीं थी। कई महिला पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उन्हें एंट्री ही नहीं दी गई।

### राहुल समेत कई विपक्ष नेताओं ने पीएम पर निशाना साधा



**राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष :** पीएम मोदी, जब आप महिला पत्रकारों को सार्वजनिक मंचों से बाहर रखने की इजाजत देते हैं, तो आप भारत की हर महिला को यह बता रहे होते हैं कि आप बहुत कमजोर हैं और उनके लिए खड़े नहीं हो सकते। इस तरह के भेदभाव पर आपकी चुप्पी नारी शक्ति पर आपके नारों की खोखलीपन को उजागर करती है।



**पी चिदंबरम, पूर्व गृह मंत्री और कांग्रेस नेता :** मुझे इस बात पर हैरानी है कि अफगानिस्तान के अमीर खान मुत्तकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को शामिल नहीं किया गया। मुझे लगता है कि जब पुरुष पत्रकारों को पता चला कि उनकी महिला सहकर्मियों को नहीं बुलाया गया है, तो उन्हें बाहर चले जाना चाहिए था।



**महुआ मोइत्रा, तृणमूल कांग्रेस (TMC) सांसद :** एक भारतीय मुस्लिम अपनी छत पर नमाज नहीं पढ़ सकता, पैगंबर से प्यार का इजहार नहीं कर सकता है, लेकिन एक विदेशी मुस्लिम कट्टरपंथी अपनी आस्था के नाम पर हमारी जमीन पर हमारी औरतों के साथ हमारे कानूनों और मूल्यों का उल्लंघन करते हुए भेदभाव कर सकता है। इसके बारे में जरा सोचिए।

## अरुणाचल में आया 3.5 तीव्रता का भूकंप, किसी हताहत नहीं

**इटानगर,एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश में मध्यम तीव्रता का भूकंप आया है। शनिवार सुबह 8:31:35 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गयी। अंतिम सूचना मिलने तक किसी के हताहत होने या अन्य नुकसान की खबर नहीं है।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि शनिवार सुबह 8:31:35 बजे आए 3.5 तीव्रता के भूकंप का केंद्र पूर्वी कामेंग जिले में 5 किलोमीटर की गहराई पर, 27.52ए उत्तर अक्षांश और 92.85ए पूर्व देशांतर पर स्थित था। हालांकि, जिले के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए, लेकिन अभी तक किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## इंडिगो फ्लाइट का लैंडिंग से पहले दरका विंडशील्ड, 76 यात्री थे सवार

### अकासा एयर के विमान से टकराया पक्षी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के विमान की चेन्नई हवाई अड्डे पर लैंडिंग से पहले बड़ी घटना होते-होते बची। मदुरै से चेन्नई आ रही इंडियो फ्लाइट के विंडशील्ड में दरार आ गई। जानकारी के अनुसार विमान के कॉकपिट ग्लास में आई दरार पर लैंडिंग से ठीक पहले पायलट को नजर पड़ी, जिसके बाद पायलट ने तुरंत इसकी सूचना हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को दी।

कॉकपिट ग्लास में दरार, विमान में सवार थे 76 यात्री-दरअसल, शनिवार को इंडियो विमान 76 यात्रियों को लेकर मदुरै से चेन्नई जा रही थी। इस दौरान चेन्नई एयरपोर्ट पर उतरने से पहले पायलट की नजर विंडशील्ड में आई दरार पर पड़ी।पायलट ने आगे के शीशे में दरार देखी और फौरन हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचित किया।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने किए भगवान द्वारकाधीश के दर्शन

**गांधीनगर,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गुजरात के द्वारका पहुंची। उन्होंने द्वारका में भगवान द्वारकाधीश के चरणों में शीश झुकाकर दर्शन किए। राष्ट्रपति ने भगवान द्वारकाधीश से भारत के नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए हृदयपूर्वक प्रार्थना की। उन्होंने भक्तिभाव से शास्त्रोक्त विधि अनुसार पादुका पूजन कर धन्यता का अनुभव किया। इस अवसर पर द्वारकाधीश मंदिर में पर्यटन मंत्री मूलुभाई बेर, जिला कलेक्टर राजेश तन्ना, रेंज आईजी अशोककुमार यादव, पुलिस अधीक्षक जयराजसिंह वाला, प्रांत अधिकारी अमोल आवटे, प्रशासक तथा नायब कलेक्टर हिमांशु चौहान ने राष्ट्रपति का ऊपरणा, द्वारका मंदिर की प्रतिकृति, फूल और तुलसी से निर्मित अनुग्रहम अगरबत्ती, गोल्ड प्लेटेड द्वारकाधीश का स्वरूप तथा प्रसाद भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रपति के साथ उनकी पुत्री इतिश्री मुर्मु और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



### मायावती की मांग, हरियाणा आईपीएस आत्महत्या प्रकरण की हो निषपक्ष जांच

**लखनऊ,एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने हरियाणा में आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या मामले में कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि एक सभ्य सरकार के लिये यह शर्मनाक है। यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश कितना अधिक खासकर शासन-प्रशासन में हावी है और सरकारें इसको रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। बसपा प्रमुख ने शनिवार को एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा, हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार, जिनकी पत्नी भी स्वंय हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, ने जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। खासकर दलित व बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं। उन्होंने कहा, यह अति-दुखद व अति-गंभीर घटना खासकर एक सभ्य सरकार के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश कितना अधिक ख़ासकर शासन-प्रशासन में हावी है और सरकारें इसको रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं।



## पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप

### दोस्त के साथ डिनर पर गई थी; लौटते समय युवकों ने रास्ता रोका, दरिंदगी की

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोका। फिर उसके साथी को वहां से भगाकर छात्रा से दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना रात करीब 8:30 से 9 बजे के बीच की बताई जा रही है। आज सुबह छात्रा के माता-पिता दुर्गापुर पहुंचे। छात्रा के पिता ने कहा- हमने अपनी बेटी को यहां मेडिकल की पढ़ाई के लिए भेजा था। सुना था कि कॉलेज अच्छा है, लेकिन यहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है।




पीड़ित के माता-पिता की शिकायत पर दुर्गापुर न्यू टाउन थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## अखिलेश यादव के फेसबुक अकाउंट ब्लॉक करने में सरकार की कोई भूमिका नहीं: अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट 12 घंटे ब्लॉक रहा। इस पर समाजवादी पार्टी ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला करार दिया। इन आरोपों पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकार की किसी भी भूमिका से इनकार किया।

वैष्णव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। अखिलेश यादव के पेज को फेसबुक की नीति उल्लंघन, विशेष रूप से अपमानजनक भाषा के कारण हटाया गया था। वैष्णव ने कहा कि इस कार्रवाई में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात को अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया था। उनके आठ मिलियन फेसबुक फॉलोअर्स हैं। समाजवादी पार्टी की आईटी टीम ने मेटा को इसकी सूचना दी तो शनिवार को दिन में इसको बहाल कर दिया गया है। मेटा ने यह कार्रवाई उनके फेसबुक पर 'हिंसक और अश्लील पोस्ट' के कारण की थीं। मेटा की इस कार्रवाई पर सपा नेताओं ने सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया था। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने पेज सस्पेंशन को लेकर आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विरोधी आवाजों को दबाने का प्रयास किया है। अखिलेश का वेरिफाइड अकाउंट बिना सरकारी दबाव के सस्पेंड नहीं हो सकता।



## लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर सिताबदियारा पहुंचे उपराष्ट्रपति, बोले जेपी सदैव रहेंगे प्रेरणा स्रोत

● सारण आयुक्त, डीएम व एसएसपी ने किया स्वागत, उपराष्ट्रपति ने देखे जेपी के दुर्लभ चित्र, जयप्रकाश नारायण को दी श्रद्धांजलि



**दैनिक खोज खबर/छपरा/ सिताबदियारा (सारण)।** संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती पर शनिवार को उपराष्ट्रपति डॉ. सी. पी. राधाकृष्णन यूपी के बलिया जिले की सीमा पर स्थित सारण जिले के ऐतिहासिक गांव सिताबदियारा पहुंचे। उन्होंने यहां लोकनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि जयप्रकाश नारायण का जीवन देश की लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक है।

इस दौरान उपराष्ट्रपति ने जेपी के पैतृक आवास का अवलोकन किया तथा वहां प्रदर्शित उनके जीवन से जुड़े दुर्लभ चित्रों और दस्तावेजों को देखा। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने लोकतंत्र की रक्षा और जनता की आवाज को सशक्त बनाने में जो योगदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए अमर प्रेरणा रहेगा।

**देश के उपराष्ट्रपति का सिताबदियारा में ऐतिहासिक आगमन** -यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी और संपूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि पर देश के उपराष्ट्रपति का आगमन पहली बार हुआ। उपराष्ट्रपति का स्वागत सारण प्रमंडल के आयुक्त राजीव रौशन, डीआईजी नीलेश कुमार, जिलाधिकारी अमन समीर व वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष सहित कई वरीय अधिकारियों ने किया।

**ग्रामीणों ने उत्साह से किया स्वागत, मोबाइल कैमरों में कैद हुए पल-** सुबह से ही उपराष्ट्रपति के आगमन की खबर सुनकर सैकड़ों लोग सिताबदियारा पहुंच गए थे। सुरक्षा कारणों से बेरिकेटिंग की व्यवस्था की गई थी, जिसके बाहर ग्रामीण उनकी एक झलक पाने के लिए घंटों खड़े रहे।

जब उपराष्ट्रपति ने प्रतिमा स्थल से लौटते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया, तो लोगों ने भी जोश के साथ हाथ लहराकर उनका स्वागत किया। यह दृश्य बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया।

### भाषण न होने से रही थोड़ी निराशाः

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के कारण इस बार जयंती समारोह में किसी भी जनप्रतिनिधि को आमंत्रित नहीं किया गया था। इसी वजह से लाला टोला में कोई सभा या भाषण नहीं हुआ। स्थानीय लोगों को इस बात का मलाल रहा कि वे उपराष्ट्रपति का संबोधन नहीं सुन सके। हालांकि, उपराष्ट्रपति ने अपने निर्धारित कार्यक्रम से इतर कई ग्रामीणों और जेपी सेनानियों से अनौपचारिक रूप से भेंट की।

**भोजनालयों व ठेलों पर उमड़ी भीड़, जलेबी और गन्ने के रस की रही मांग**-कार्यक्रम स्थल के पास स्थित अस्थायी भोजनालय और ठेलों पर सुबह से ही भीड़ लगी रही। आम लोगों के साथ पुलिस बल के जवानों और अधिकारियों ने भी पूड़ी-सब्जी, जलेबी, भात-दाल, सब्जी और पापड़ का स्वाद लिया। इसके अलावा गन्ने के रस और गोलगप्पे के ठेलों पर भी खरीदारों की भारी भीड़ रही, जिससे सिताबदियारा का माहौल एक लोकमेला जैसा बन गया।

### चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की तैनाती

उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुरक्षा की कमान संभाल रखी थी। मांझी के मझनपुरा से लेकर सिताबदियारा के लाला टोला तक हर प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात था। जयप्रभा सेतु स्थित चेकपोस्ट पर भी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक दोनों राज्यों की पुलिस ने संयुक्त रूप से निगरानी की। सुरक्षा कारणों से सुबह 9 बजे से जयप्रभा मार्ग पर वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी।

## सदर अस्पताल में विश्व धर्मशाला एवं प्रशामक देखभाल दिवस पर मरीजों और छात्राओं को किया गया जागरूक

### मरीजों को गरिमामय जीवन देने के लिए प्रशामक देखभाल एक महत्वपूर्ण माध्यम : डॉ प्रिया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विश्व धर्मशाला एवं प्रशामक देखभाल दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल छपरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर मुजफ्फरपुर की वरीय चिकित्सक एवं सारण की जिला तकनीकी अधिकारी डॉ. प्रिया कुमारी ने अस्पताल की ओपीडी में कार्यरत रहते हुए मरीजों एवं उनके अभिभावकों को प्रशामक देखभाल के महत्व के बारे में जागरूक किया है। इस संबंध में डॉ. प्रिया ने बताया कि सदर अस्पताल के आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी वार्ड) में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को संवेदनशीलता के साथ यह समझाया गया कि जब किसी बीमारी का इलाज संभव नहीं हो, तब मरीज की शारीरिक और मानसिक तकलीफ को कैसे कम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी



बताया कि ऐसे मरीजों को गरिमामय जीवन देने के लिए प्रशामक देखभाल एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जो न केवल मरीज की तकलीफ को कम करता है, बल्कि उनके परिवार को भी मानसिक संबल प्रदान करता है। इस क्रम में एएनएम स्कूल के सभागार में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल की छात्राओं को प्रशामक देखभाल से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. प्रिया कुमारी ने छात्राओं को बताया कि जीवन के अंतिम चरण में पहुंचे मरीजों को केवल दवाओं की नहीं, बल्कि मानसिक सहयोग, सहानुभूति और गरिमा की आवश्यकता होती है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में करुणा और सेवा भाव को अपनाते हुए समाज में इस विषय को लेकर सकारात्मक संदेश फैलाएं। क्योंकि नर्सिंग सेवा का मुख्य यही है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशामक देखभाल केवल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के लिए ही नहीं, बल्कि एड्स, बुजुर्गों की लंबी बीमारी, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर और अन्य असाध्य रोगों के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे इस देखभाल से मरीज के जीवन के अंतिम दिनों को सम्मानजनक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों में संवेदनशीलता और करुणा की भावना को बढ़ावा देना था, जिससे इस मुद्दे को सामाजिक स्तर पर गंभीरता से लें और जरूरतमंदों के लिए एक सहायक भूमिका निभा सकें। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में नर्सिंग स्टाफ निकिता कुमारी, सुमित कुमार और अमृता कुमारी सहित एएनएम स्कूल की प्रशिक्षिकाओं और छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## युवा क्रांति रोटी बैंक ने मनाया सातवां स्थापना दिवस, सदस्यों को किया गया सम्मानित

### जरूरतमंदों की सेवा में सात वर्षों से सक्रिय संगठन, रक्तदान व भोजन वितरण में निभा रहा अग्रणी भूमिका




**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सात वर्षों से निरंतर सक्रिय संगठन युवा क्रांति रोटी बैंक का सातवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसका उद्घाटन अध्यक्ष नीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल, प्रियंका प्रकाश, सरिता प्रकाश, अर्चना कुमारी, बिंदु कुमारी, कुंती देवी, रेणु सिंह, मिलन गुप्ता, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. एच. के. रंजन और संस्थापक ई. विजय राज ने संयुक्त रूप से किया।मंच संचालन मीडिया प्रभारी राशिद रिज़वी और अर्जुन सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थापक ई. विजय राज के नेतृत्व में रक्तवीरों को पूर्व मेयर राखी गुप्ता ने सम्मानित किया।अध्यक्ष नीतू गुप्ता और उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल ने जानकारी दी कि संस्था को इस मुकाम तक पहुंचाने में सभी सदस्यों और आम नागरिकों का सहयोग अमूल्य रहा है। उन्होंने उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व मेयर राखी गुप्ता ने कहा कि छपरा शहर में पिछले सात वर्षों से युवा क्रांति रोटी बैंक रोज़ाना जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध करा रही है। साथ ही रक्त की आवश्यकता होने पर यह संगठन सदैव तत्पर रहता है। मीडिया प्रभारी अर्जुन सिंह व राशिद रिज़वी ने बताया कि संस्था द्वारा हर त्योहार पर सफाईकर्मी महिलाओं के बीच साड़ी वितरण, जाड़े में कंबल वितरण और बरसात के दिनों में रेनकोट वितरण जैसी सामाजिक गतिविधियाँ की जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवा अभियान आगे भी जारी रहेगा।जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर 2018 से अपनी स्थापना के बाद से संस्था ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भोजन वितरण, राहत सामग्री उपलब्ध कराने और रक्तदान शिविर जैसे कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं।कार्यक्रम में दीपा श्रीवास्तव व अमिता श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली अनन्या को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सारण जिला के मढ़ौरा अनुमंडल मुख्यालय के केनरा बैंक के अधिकारियों की करतूत से बैंक ग्राहक परेशान

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर(सारण)।** सारण जिला के केनरा बैंक मढ़ौरा शाखा के अधिकारियों की देखरेख में कैफे सेन्टर में नाजायज़ पैसे लेकर खाता खोलने का धंधा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस संबंध में केनरा बैंक मढ़ौरा शाखा के कई खाताधारकों ने बताया कि बैंक के अधिकारियों की मिली भगत से बैंक परिसर के नीचे अवस्थित कैफ़े सेन्टर में केवाईसी करने एवं खाता खोलने के एवज में नाजायज रूप से दो सौ से पांच सौ रूपए तक नाजायज़ वसूली कर खाता खोलने का काम किया जाता है।




कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि इस नाजायज़ वसूली में अधिकारियों की भी हिस्सेदारी शामिल हैं। जो ब्रांच में खाता न खोलकर साइबर में जा कर खाता खोलने की सलाह दी जाती है. इस संबंध में केनरा बैंक मढ़ौरा शाखा के प्रबंधक से उनके मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करनें का प्रयास किया गया, लेकिन वे काल नहीं उठाए. ग्रामीणों में इसको लेकर आक्रोश है ग्रामीणों ने जिले के जिलापदाधिकारी समेत बैंक के वरीय पदाधिकारीयों से ब्रांच में पिछले एक महीने में खुले हुए खातों के खाताधारको से मिलकर जांच करने की मांग की है और कहा कि अगर निष्पक्ष जांच हो तो दूध का दूध पानी का पानी हो सकता है. ख़ताधारको से किनसे कितना रुपए खाता खोलने के एवज में उनसे नाजायज लिए गए राशि जो उनके खाते में उपलब्ध नहीं है. यह पता चल जायगा.

## रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की बारह खिलाड़ियों को मिला खेल सम्मान

**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं खेल विभाग बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 चलने वाले खेल सम्मान प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह में मैरवा प्रखंड स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के एक दर्जन खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के संस्थापक संजय पाठक ने बताया कि फुटबॉल खेल में राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता में कांस्य पदक दिलाने वाली खिलाड़ी अंशु कुमारी, सबिता कुमारी, नैना कुमारी, अराधना कुमारी,पारो कुमारी, रिंकी कुमारी, रंजना कुमारी, रौशनी कुमारी, अंजली कुमारी एवं कप्तान पिंकी कुमारी को 22 हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र मिला जबकि रग्बी फुटबॉल में सिमरन परविन को स्वर्ण पदक जीतने पर 44 हजार वहीं खुशबू कुमारी को हैंडबॉल के अंतरराष्ट्रीय श्रेणी हेतु 44 हजार की राशि खाते में भेजी जाएगी। सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार की राशि उनके खाते में हस्तांतरित की जाएगी।इन सभी खिलाड़ियों को बिहार सरकार द्वारा सम्मानित किए जाने पर आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा, सचिव डॉ शरद चौधरी, डॉ रीता सिंहा, डॉ संगीता चौधरी, डॉ राम इकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉ रामाजी चौधरी, डॉ अशोक कुमार, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ इंद्र मोहन, डॉ जे एन प्रसाद, डॉ आरती रानी पांडेय, मुख्य संरक्षक डॉ आर एन ओझा,आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, बसंत कुमार पाठक, हेमंत कुमार, सलमा खातून, कृष्ण कुमार सिंह सहित कई अन्य लोगों ने बधाई दी है।



## राजेन्द्र कॉलेज में मनाई गई लोकनायक की जयंती

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** दूसरी आजादी के प्रणेता व संपूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123 वीं जयंती शनिवार को राजेन्द्र कॉलेज में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उदयशंकर पांडेय ने अपने संदेश में कहा कि लोकनायक का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। उनके सिद्धान्त पर चलकर ही जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। लोकनायक हमेशा एक स्वक्छ लोकतंत्र के हिमायती थे। उन्होंने भारतीय राजनीति में जनता के अधिकार को रेखांकित करने का कार्य किया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने लोकनायक के जीवन- चरित्र की चर्चा करते हुए उन्हें महामानव बताया। इसके पूर्व राजेन्द्र कॉलेज में लोकनायक के जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्राध्यापकों ने अपने विचार प्रकट करते हुए लोकनायक के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा कीं। मौके पर डॉ बीएस साहु, डॉ अर्चना उपाध्याय, डॉ सुनील प्रसाद, डॉ परेश कुमार, डॉ निधि कुमारी, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ कुमार गौरव, डॉ अब्दुल रहमान आदि महाविद्यालय के कर्मी उपस्थित थे।



## सोलंकी बीएड कॉलेज में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर माल्यार्पण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत हुआ कार्यक्रम, प्रशिक्षुओं ने दी लोकनायक को श्रद्धांजलि

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में शनिवार को सोलंकी बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, छपरा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन और विचारों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार तिवारी, उप प्राचार्य शशि कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष कुमार राणा, एनएसएस पदाधिकारी चन्द्र भूषण तिवारी और राकेश कुमार गौतम, डॉ. अनिल पांडेय, अंकुर श्रीवास्तव सहित सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार तिवारी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आदर्शों को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया और विद्यार्थियों से उनके जीवन से सीख लेने का आह्वान किया।



# जयप्रकाश विश्वविद्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

## लोकतंत्र के विकृतियों को दूर करने के लिए जे. पी. के विचारों को जनता के बीच लाना होगा : कुलपति

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलदेवता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती विश्वविद्यालय समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जयप्रकाश अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के अधिषद कक्ष में ÷जयप्रकाश नारायण ÷ व्यक्तित्व, कृतित्व एवं विरासत÷ विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में लोकनायक की संपूर्ण क्रांति की अवधारणा की आध्यात्मिक नजरिये से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि लोकनायक की अवधारणा न तो पूरी तरह से समाजवादी थी, न सर्वोदयी और न ही गांधीवादी, बल्कि उनकी अपनी अलग तरह की अवधारणा थी जिसे आज जानने, समझने और अपनाने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि अपनी नीति में वे लोकनीति की बात करते हैं। सर्वहारा और सार्वभौमिक विचार-विमर्श से कोई नीति बने, ऐसी उनकी सोच थी। उन्होंने कहा कि शासन दिखना नहीं चाहिए बल्कि शासन का आभास होना चाहिए। कुलपति ने आह्वान किया कि लोकतंत्र की विकृतियों को दूर करने के लिए जे पी के विचारों को जनता के बीच ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे विमर्श लगातार चलते रहने चाहिए और इन विमर्शों का प्रतिफल सामने लाकर उसपर अमल करना चाहिए।

व्याख्यान को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता स्वतंत्र पत्रकार व लेखक डॉ राकेश कुमार ने लोकनायक के व्यक्तित्व के कई अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक समस्याओं के बावजूद उनमें देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का चिंतन था। उन्होंने कुछ समय तक प्रसिद्ध उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के निजी सचिव के रूप में भी कार्य किया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जब उन्हें हजारीबाग जेल में रखा गया था, तब वे आजादी की लड़ाई के लिए जेल से भागकर नेपाल पहुंच गए और वहां उन्होंने रेडियो स्टेशन की स्थापना की। हालांकि यह ज्यादा सफल नहीं हुआ। नेपाल में उन्होंने आजाद दस्ता की भी स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन में उनकी सर्वप्रमुख भूमिका थी। स्वतंत्र भारत में हुए पहले आम चुनाव में उनके द्वारा स्थापित पार्टी को सफलता नहीं मिल सकी थी और उनकी पार्टी को कुल 10.28 फीसदी वोट मिले थे। स्वयं उनको बिहार के जहानाबाद से टिकट का ऑफर मिला था लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने में कोई रुचि नहीं दिखाई और टिकट किसी दूसरे को दिलवा दिया था। सर्वोदय आंदोलन के क्रम में उन्होंने कौवाकोल में 77 एकड़ भूमि पर एक विशाल आश्रम बनाया और उन्होंने उस समय वोकल फ़ॉर लोकल पर जोर दिया। कुष्ठ सेवा समिति के बैनर तले उन्होंने स्थानीयता पर जोर देते हुए कई काम किए। उन्होंने चुनावों में पैसे के बढ़ते प्रभुत्व पर उसी दौर में चिंता व्यक्त की थी इसलिए उन्होंने चुनाव सुधार पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि राजनीति के संत थे। मुख्य अतिथि पटना विश्वविद्यालय की राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो सीमा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि लोकनायक बहुत हिम्मती और संघर्षशील थे तभी तो वे केमिकल इंजीनियरिंग पढ़ने अमेरिका गए थे लेकिन उनका मन समाजशास्त्र में रम गया और उन्होंने उसी विषय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। उनके व्यक्तित्व पर और प्रकाश डालते हुए कहा कि वे प्रयोगधर्मी और मानवतावादी सोच के थे। समाज शोषणमुक्त हो यह भी उनकी सोच थी इसलिए स्वतंत्रता को काफी अहम मानते थे। इससे पूर्व विश्वविद्यालय में लगे लोकनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डॉ बैद्यनाथ मिश्रा ने मंगलाचरण एवं संस्कृत विभाग के शोधार्थियों और एनएसएस की छात्राओं ने विश्वविद्यालय का कुलगीत और स्वागत गान किया। कुलपति का स्वागत जयप्रकाश अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ संजय पाठक ने किया जबकि मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ रीता कुमारी ने किया। विषय परावर्तन डॉ संजय पाठक , संचालन डॉ रितेश्वर तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो राणा विक्रम सिंह ने किया।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो नारायण दास , परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार मिश्रा , एनएसएस समन्वयक प्रो हरिश्चंद्र , महाविद्यालय निरीक्षक प्रो शमी अहमद , वित्त पदाधिकारी सुधांशु मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, प्राध्यापक, छात्र-छात्रा एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## विद्यालय का बीडीओ ने किया निरीक्षण, प्रधानाध्यापिका और शिक्षक से स्पष्टीकरण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा का बीडीओ पंकज कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधालय प्रधानाध्यापिका कुमारी कविता और शिक्षक ज्ञानचंद मांझी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि चुनाव में मतदान केंद्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर निरीक्षण किया जा रहा था उसी दौरान नव सृजित प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा में प्रधानाध्यापिका और शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जिनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी हैं।

## घर-घर जाकर मतदाताओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चला रही जागरूकता आभियान

## खेदन प्रसाद उच्च माध्यमिक विद्यालय शिल्हौरी के छात्रों ने चलाया जागरूकता अभियान




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए स्वीप अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

**घर-घर पहुंच जागरूक कर रही आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका** -शनिवार को दरियापुर, छपरा सदर, रिविलगंज, अमनौर, मसरख के दर्जनों आंगनबाड़ी केन्द्रों से जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें शामिल आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

**साईकिल रैली निकालकर छात्रों ने चलाया जागरूकता अभियान** -वहीं जिले के उच्च माध्यमिक विद्यालय दरियापुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय खेदन प्रसाद मढ़ौरा, पीएम श्री उच्च विद्यालय अमनौर, उच्च विद्यालय महुली चकहन, उच्च माध्यमिक विद्यालय तरैया, उच्च माध्यमिक विद्यालय झौवा, उच्च माध्यमिक विद्यालय महमदा में ईएलसी क्लब के छात्रों द्वारा साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

**सेल्फी प्वाइंट में प्रशिक्षणार्थियों ने ली तस्वीर** -इसके अलावा शहर के 10 चुनाव प्रशिक्षण केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट लगाकर प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कर्मियों को मतदान के शपथ एवं प्रचार प्रसार के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान ब्राह्मण उच्च विद्यालय, आर्य समाज, सहित अन्य प्रशिक्षण केंद्रों पर चुनावी प्रशिक्षनार्थियों द्वारा सेल्फी प्वाइंट में खूब तस्वीरें ली गई।

## बूथ लेवल एजेंटों से आसन्न विधान सभा चुनाव की तैयारियों का लिया जयजा

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने तरैया, पानापुर तथा इसुआपुर प्रखंडों के भाजपा के बूथ लेवल एजेंटों से आसन्न विधान सभा चुनाव की तैयारियों का जयजा लिया। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के श्यामकौरिया में कहा कि जैसे पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वैसे ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार सूबे का चहुंमुखी विकास कर रही है। साथ ही कहा कि बिहार ऋषि मुनियों, बुद्धिजीवियों तथा देश भक्तों की भूमि है। यहां की जनता बिहार ही नहीं देश की दशा एवं दिशा तय करती है। टिकट बंटवारे के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारा पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा किया जाना है। मैं कहीं से भी उसका अंग नहीं हूं। वहीं कहा कि बिहार के मतदाता एनडीए के पक्ष में गोलबंद हैं। तरैया में भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी तथा बिहार में एनडीए की सरकार बनाना तय है। इस मौके पर स्थानीय विधयक जनक सिंह, प्रदेश मंत्री सह महाराजगंज लोकसभा के प्रभारी मंत्री प्रवीण यादव, प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, सत्यदेव प्रसाद, शारदानंद सोनी, बद्री नारायण सिंह, मनोज सिंह, रविन्द्र सिंह, हरि किशोर सिंह, विनोद सिंह समेत सैकड़ों बूथ लेवल एजेंट मौजूद थे।

## नदी में नहाने के दौरान तीन सगी बहनों की डूबने से मौत

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।**अकीलपुर थाना क्षेत्र के रामदास्चक बिनटोली गांव में शनिवार गंगा नदी में नहाने के दौरान तीन सगी बहनों की डूबने से मौत हो गई।मृतक की पहचान रामदस्चक बिनटोली निवासी भूलेटन महतो की पुत्री गुंजन कुमारी उम्र 11वर्ष,सपना कुमारी उम्र 9 वर्ष तथा मनतुरनी कुमारी उम्र 7 वर्ष के रूप में हुई है।स्थानीय लोगो ने घटना के संबंध में बताया की दोपहर में तीनों बहनें पास में गंगा नदी के पास पोखरा रूपी गड्ढे में नहा रही थी इसी दौरान एक एक करके तीनो डूबने लगी जिससे मौके पर ही तीनो की दर्दनाक मौत हो गई।ग्रामीणों के सहयोग से तीनो के शव को निकाला गया।पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## चुनाव को लेकर प्रधानाध्यापकों के साथ बीडीओ ने की बैठक, दिए दिशा निर्देश

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ पंकज कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की। बैठक में मतदान केन्द्रों बनाएं गये विद्यालयों में मौजूद संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान बीडीओ पंकज कुमार ने सभी मतदान केन्द्र बनाएं गये विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से बारी बारी उपलब्ध सभी संसाधन का जायजा लिया और सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन चुनाव कर्मियों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए रसोईया को लगानें का निर्देश दिया। मौके पर पीएचडी विभाग समेत अन्य कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आठवां वेतन लागू होने तक केंद्र सरकार अंतरिम राहत शीघ्र दे-पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा के उप सचिव डॉ ए एच अंसारी ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की मासिक बैठक 10 बजे पूर्वाह्न से पराशर कम्प्लेक्स भगवान बाज़ार में हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व मोहन सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आठवाँ वेतन आयोग गठित कर 01 जनवरी 2026 से नया वेतनमान और पेंशन लागू करे। इसके लागू होने तक केंद्र सरकार पेंशनर्स तथा कर्मचारियों को अंतरिम राहत की भुगतान करे। पेंशनर्स के कई ज्वलंत मुद्दे हैं जिसे केंद्र सरकार इग्नोर कर रही है। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की मांग है कि केंद्र सरकार मेडिकल भत्ता तीन हज़ार करे, इंपैनल्ड अस्पताल में बिना रेफर कैशलेश इलाज करने, पेंशनर्स को भी तदर्थ बोनस देने तथा अठारह माह का फ्रीज मँहगाई राहत भत्ता एरियर के साथ भुगतान करने आदि हैं। हमें जागरूक रहकर सरकार पर दवाब बनाने की ज़रूरत है। जिन पेंशनर्स का जन्मदिन अक्टूबर माह में है उन सभी को शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं की। शाखा सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा की उपलब्धियों को विस्तृत रूप से रखा और कहा कि हमें अपनी संख्या बढ़ाने की ज़रूरत है। इससे हम केंद्र सरकार पर दबाव बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा ठीक नहीं लग रही है।आठवें वेतन आयोग में विलंब हो रहा है। केन्द्र सरकार की कोई कुठाराघात पेंशनर्स कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। ऐसा करना केंद्र सरकार को मँहगा पड़ेगा। इससे पेंशनर्स के बीच भारी आक्रोश है। उन्होंने सरकार से माँग की पेंशनरों के साथ भेदभाव सरकार नहीं करे। साथ ही 65 , 70 , 75 वर्ष आयु पर क्रमशः 5 ,10 ,15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता की माँग केंद्र सरकार से की। उन्होंने कहा कि पेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हक़ है , पेंशन कोई भीक नहीं है। विश्व मोहन सिंह ने सरकार से यह माँग किया कि वर्तमान में जो पेंशन कम्यूटेशन अवधि पन्द्रह साल है , यह बिल्कुल अनुचित है। पेंशन कम्यूटेशन अवधि को घटाकर ग्यारह साल किया जाय। साथ ही कोरोना काल में फ्रीज किए गए अठारह महीने के मँहगाई भत्ता एवं मँहगाई राहत के एरियर की भुगतान भी शीघ्र करें। अगर केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के इन माँगों की अनदेखी करेगी तो पेंशनर्स समाज राष्ट स्तरीय आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इसलिए सरकार को आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स हितों का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि सभी पेंशनर्स समय से अपना लाइफ सर्टिफिकेट अपने - अपने बैंकों में जमा करें। कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश पराशर ने शाखा की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए सदस्यता बढ़ाने पर ज़ोर दिया तथा सभी पेंशनर्स का आई कार्ड एवं ई-उमीद कार्ड बनाने पर ज़ोर दिया। जिन पेंशनर्स का अक्टूबर माह में जन्मदिन है , उनको शुभकामनाएं दिया। बैठक को सम्बोधित करने वालों में विश्व मोहन सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, राज कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह, पी के मांझी, मुंद्रिका प्रसाद, रामाधार शर्मा आदि हैं।




## जन सुराज के उम्मीदवार पार्टी के सिद्धांतों और पीके के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए समर्पित रहेंगे- मुख्य प्रवक्ता

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शुक्रवार की शाम जिला कार्यालय परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषित प्रत्याशियों के परिचय के साथ जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कहा कि सारण से सभी घोषित प्रत्याशी जन सुराज के सिद्धांतों और प्रशांत किशोर जी के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए समर्पित रहेंगे।1उन्होंने कहा कि जन सुराज सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि लोगों की आवाज़ और व्यवस्था परिवर्तन का अभियान है ।हम सभी हर घर तक जन सुराज के मुद्दे, विचार और संकल्प लेकर जाएंगे. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचारमुक्त शासन हमारे प्रमुख एजेंडे रहेंगे। यह लड़ाई केवल प्रशांत किशोर का नहीं बल्कि बिहार के सभी साथियों का है जो बिहार के बदलाव एवं चौमुखी विकास देखना चाहते हैं। पार्टी में शुरू से संघर्ष कर रहे साथियों को प्रमुखता दी है। उन्होंने जन सुराजी साथियों से अपील किया कि बिहार व्यवस्था परिवर्तन की मुहिम में तन मन धन के साथ लग जाए ताकि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की संकल्प को पूरा किया जा सके। इस मौके पर छपरा विधानसभा क्षेत्र से घोषित उम्मीदवार जय प्रकाश सिंह, बनियापुर से जिला महासचिव श्रवण महतो, परसा से मोसाहिब महतो तथा सोनपुर से डॉ चंदन लाल मेहता द्वारा अपने अपने वक्तव्य में पार्टी को आभार जताते हुए बताया कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उम्मीदवार बनाया है उसे मजबूती के साथ चुनाव मैदान में जन सुराज के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाते हुए लोगों के विश्वास को जितने का काम करूंगा। वहीं जन सुराज के कई स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे जिन्होंने घोषित प्रत्याशियों को बधाई दी और पार्टी को मज़बूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/पटना।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के पटना आवास पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे का भव्य स्वागत किया गया। शनिवार को बिहार की धरती पर पहुंचने पर श्री मति राजे का भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने उनको बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह और चुनरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राजीव प्रताप रूडी, सांसद दुष्यंत सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह, सारण जिला महामंत्री निरंजन शर्मा, ई. सत्येंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह, मुखिया अनिल सिंह, मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा, युवा मोर्चा सुमंत बाबा, संतोष सिंह, पूर्व मुखिया हरी सहनी, चंदन सिंह, मुखिया शैलेश राय, सुजीत प्रियादर्शि, अभिषेक कुशवाहा, तूफ़ान सिंह, विकास गुप्ता, विकास सिंह, जीतेन्द्र गिरी, उज्जवल सिंह, अंगद आकाश सिंह सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव के लिए इवीएम का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न

## राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को प्रदान की गयी सूची

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र में इवीएम का प्रथम रैंडमाइजेशन आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर, नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, डीएमडब्लूओ रवि प्रकाश, डीपीआरओ रविन्द्र कुमार, डीआईओ तारणी कुमार समेत जेडीयू के जिला महासचिव प्रभाष शंकर, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष फिरोज इकबाल, राजद के प्रधान महासचिव शिव कुमार माँझी, सीपीआईएम के जिला सदस्य संतोष कुमार पांडेय, भाजपा के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, सीपीआई एमएल के डीसी मेंबर दीपांकर कुमार मिश्रा, लोजपा के जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

**क्या है इवीएम रैंडमाइजेशन** -जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने रैंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए बताया कि रैंडमाइजेशन ऐसी प्रक्रिया है जिससे इवीएम के मामले में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। प्रथम रैंडमाइजेशन में इवीएम को विधान सभा वार एलॉट किया जाता है। वहीं दूसरे रैंडमाइजेशन में बूथ वार मशीनों को अलॉट किया जाएगा। प्रथम रैंडमाइजेशन के साथ ही इवीएम डीईओ के लॉगिंग से हट कर आरओ के लॉगिंग में हस्तांतरित हो जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में कोई मानवीय या मैनुअल कार्य नहीं होता। इसमें किसी को जानकारी नहीं होती कि कौन सी मशीन किस विधान सभा या बूथ के लिए चिन्हित होगी। प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद मशीनों को भौतिक रूप से विधानसभा वार पृथक और आयोग के पोर्टल ईएमएस-2.0 पर स्कैन कर संबंधित विधान सभा के डिस्पैच सेंटर पर भेज दिया जाएगा।



**बरती जाती है पूरी पारदर्शिता**÷

पृथक्करण और स्कैनिंग का कार्य सदर प्रखंड के निकट अवस्थित इवीएम वेयरहाउस पर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग इवीएम की पारदर्शिता को लेकर अति संवेदनशील है। इवीएम के प्रत्येक मूवमेंट की सूचना सभी राजनीतिक दलों को दी जाती है। आप से भी उम्मीद है कि वेयरहाउस और प्रत्येक डिस्पैच सेंटर पर स्वयं या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित कर कार्यों का अवलोकन करेंगे। डीईओ के आदेश और राजनैतिक दलों की सहमति पर चुनाव आयोग के ईएमएस सिस्टम पर रैंडमाइजेशन प्रारम्भ किया गया। विधानसभाओं को उनके कुल मतदान केंद्र के अलावा अतरिक्त 20 प्रतिशत बीयू व सीयू तथा 30 प्रतिशत वीवीपैट अलॉट किए गए।

**किस विधानसभा को कितनी मशीन**-एकमा के 356 बूथ के लिए मढ़ौरा के लिए 427 बीयू, 427 सीयू और 463 वीवीपैट आवंटित किया गया। जबकि मांझी के 363 बूथ के लिए 435 बीयू, 435 सीयू और 471 वीवीपैट, बनियापुर के 377 बूथ के लिए 452 बीयू, 452 सीयू और 490 वीवीपैट, तरैयां के 354 बूथ के लिए 424 बीयू, 424 सीयू और 460 वीवीपैट, मढ़ौरा के 333 बूथ के लिए 399 बीयू, 399 सीयू और 432 वीवीपैट, छपरा के 373 बूथ के लिए 447 बीयू, 447 सीयू और 484 वीवीपैट, गड़खा के 360 बूथ के लिए 432 बीयू, 432 सीयू और 468 वीवीपैट, अमनौर के 330 बूथ के लिए 396 बीयू, 396 सीयू और 429 वीवीपैट, परसा के 327 बूथ के लिए 392 बीयू, 392 सीयू और 425 वीवीपैट, सोनपुर के 337 बूथ के लिए 404 बीयू, 404 सीयू और 438 वीवीपैट अलॉट किए गए।

**प्रदान की गयी हस्ताक्षरित सूची** -रैंडमाइज्ड मशीनों की सूची के प्रत्येक पृष्ठ पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, इवीएम के वरीय प्रभारी के साथ ही सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए। डीएम ने बताया कि हस्ताक्षरित प्रति जिला और आयोग के साइट पर भी अपलोड कर दी जाएगी। जिसे देखा जा सकेगा। वहीं उन्होंने सभी प्रत्याशियों को रैंडमाइज्ड मशीनों के सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध करायी गयी।

## सीवान : ट्रेन से दो अवैध वेंडर को आरपीएफ ने पकड़ा



**परवेज अख्तर/सीवान।** आरपीएफ ने ट्रेन से दो अवैध वेंडरों को कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद यादव ने बताया कि शनिवार को उच्चाधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देशन के अनुपालन में सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय, कांस्टेबल विजय कुमार यादव, कांस्टेबल लक्ष्मण यादव निगरानी के दौरान जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर गाड़ी संख्या 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन एक्सप्रेस ट्रेन के कोच संख्या एम वन में बिना किसी प्राधिकार पत्र के अवैध रूप से चावल अंडा बेचते हुए दो अवैध वेंडरों को पकड़ा। गिरफ्तार वेंडर भागलपुर जिला के भवानीपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी राहुल कुमार व कटिहार जिला के कुरसेला थाना क्षेत्र के बसोहर मजडीहा निवासी गुलशन कुमार है।

### सीवान जिले भर में पुलिस अलर्ट, चला चेकिंग अभियान

**परवेज अख्तर/सीवान।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। शनिवार को जिला पुलिस ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कार, मालवाहक वाहन एवं बाइकों की तलाशी गई। इस संबंध में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी तरह के वाहनों कार, बाइक, आटो और मालवाहक ट्रकों को रोक कर तलाशी ली जा रही है। जांच का मुख्य उद्देश्य अवैध नकदी, शराब, हथियारों और मतदाताओं को प्रभावित करने वाली अन्य आपत्तिजनक सामग्री की आवाजाही पर रोक लगाना है। साथ ही वाहनों के कागजात की जांच की जा रही है। सभी मार्ग से गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच की जा रही है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### मासूम संग दुष्कर्म मामले में चार नामजद

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला में नौ अक्टूबर की देर शाम एक युवक ने तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपित युवक को स्वजनों ने पकड़ लिया लेकिन वह भागने में सफल रहा था। इस मामले में बच्ची की मां ने चार को नामजद कर प्राथमिकी कराई है। प्राथमिकी में बताया कि हमलोग सपरिवार विगत चार वर्षों से किराये के मकान में रहते हैं। मेरा पति ई-रिक्शा चालक हैं। दिनांक नौ अक्टूबर की शाम मेरी पुत्री बाहर खेल रही थी तब मेरे रूम के बगल में किराए पर रहने वाला विनोद कुमार मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

## सीवान : महिला चिकित्सक से दुर्व्यवहार पर भड़के डाक्टरों ने सदर अस्पताल में ओपीडी सेवा किया बहिष्कार

**परवेज अख्तर/सीवान।** सदर अस्पताल में डाक्टरों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को भी सदर अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में डाक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर सदर अस्पताल में आउट पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) सेवा को ठप कर दिया। सभी डाक्टरों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र अस्पताल अधीक्षक डा. अनिल कुमार सिंह को सौंपा। डाक्टरों के कहना था कि जब तक आरोपितों के विरुद्ध कोई करवाई नहीं होती है तथा ड्यूटी के दौरान सुरक्षा नहीं उपलब्ध कराई जाती है, तब तक वे लोग ओपीडी सेवा से दूर रहेंगे। वहीं चिकित्सकों द्वारा ओपीडी सेवा का बहिष्कार किए जाने के बाद मरीजों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। सदर अस्पताल के ओपीडी में ड्यूटी में तैनात महिला चिकित्सक डा. अनीता कुमारी ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजकर 45 मिनट बजे एक पुरुष उनके कक्ष में पहुंचा। उसने बताया कि उनके महिला मरीज को करीब दो माह का गर्भ है और उसको काफी रक्तस्त्राव हो रहा है। हालांकि इस दौरान उक्त व्यक्ति मरीज को अपने साथ नहीं लाया था। इसपर उनके द्वारा सलाह दिया गया कि सबसे पहले महिला मरीज की अल्ट्रासाउंड कराएं। इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे का इलाज किया जाएगा। यह सुनते हीं व्यक्ति हो-हल्ला करने लगा और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए दुर्व्यवहार करने लगा।




## सीवान : इवीएम व वीवीपैट का किया गया प्रथम रैंडमाइजेशन

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान उपयोग किए जाए वाले इवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन किया गया। शनिवार को जिला समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में प्रथम रैंडमाइजेशन के माध्यम से प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) में सही पाए गए इवीएम एवं वीवीपैट को विधानसभावार यादृच्छिक रूप से आवंटित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम रैंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल इवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से संपन्न होता है। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को बताया कि इससे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के मैनुअल आफ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में वर्णित है, जो भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट डब्लू डब्लू डब्लू डाट ईसीआई डाट गवर्नमेंट डाट इन /इवीएम-वीवीपैट पर उपलब्ध है। डीएम ने बताया कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के दौरान उपयोग की जाने वाली इवीएम एवं वीवीपैट का %प्रथम रैंडमाइजेशन जिले के सभी आठों विधानसभा क्षेत्र यथा 105 सिवान सदर, 106 जीरादेई, 107 दरौली, 108 रघुनाथपुर, 109 दारौंदा, 110 बड़हरिया, 111 गोरेयाकोठी और 112 महाराजगंज विधानसभा के नाम के अनुसार की गई है। साथ हीं प्रथम रैंडमाइजेशन पूर्ण होने के उपरांत, विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित इवीएम एवं वीवीपैट की जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित सूची सभी राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जिला स्तरीय कार्यालय से उपलब्ध भी कराया गया। इस सूची के अनुसार इवीएम एवं वीवीपैट को जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पदाधिकारियों को आगामी निर्वाचन में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित स्ट्रांग रूम में मान्यता प्राप्त दलों प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भंडारित कर दिया जाएगा।

## सीवान : 15 से 17 अक्टूबर तक डीआरसीसी में चिकित्सीय जांच दल द्वारा होगी जांच

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश के आदेशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त माईक्रो आब्जर्बर / दंडाधिकारी / पीठासीन पदाधिकारी/अन्य मतदान पदाधिकारी, जो असाध्य रोग/अन्य बीमारी / दिव्यांगता आदि के कारण निर्वाचन कार्य करने में असमर्थ है। उनके विमुक्ति पर विचार करने के लिए चिकित्सीय जांच दल का गठन किया गया है। जानकारी के अनुसार चिकित्सीय जांच दल का प्रतिवेदन के आधार पर उनके विमुक्ति के संबंध में निर्णय लिया जााएगा। चिकित्सीय जांच दल के द्वारा 15 से 17 अक्टूबर तक संबंधित पदाधिकारी/कर्मी के द्वारा समर्पित साक्ष्य एवं प्रमाण पत्र के आधार पर उनकी जांच की जाएगी। ऐसे में वैसे मतदान पदाधिकारी/कर्मी, जो असाध्य रोग/अन्य बीमारी / दिव्यांगता आदि से पीड़ित है और निर्वाचन कार्य करने में असमर्थ हैं। वें नियंत्री पदाधिकारी की अनुशंसा के साथ-साथ बीमारी से संबंधित साक्ष्य एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में उक्त निर्धारित तिथि को सुबह 11~00 बजे से शाम चार बजे तक चिकित्सीय जांच दल के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात असाध्य रोग/अन्य बीमारी/ दिव्यांगता के आधार पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने के संबंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### अलग-अलग मामले में छह गिरफ्तार, जेल

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने अलग-अलग मामले में छह लोगों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी लोगों में तीन वारंटी, दो शराब तस्कर और एक शराबी शामिल हैं। गिरफ्तार वारंटियों में डेहरी निवासी राम अयोध्या प्रसाद, पारस नाथ महतो और चंद्रिका यादव शामिल हैं। वहीं शराब तस्करी मामले में अरुआ निवासी सुनील राम और महम्मदपुर निवासी भुटकुन तिवारी को 27 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया जबकि शराब पीने के आरोप में जसौली निवासी के जयलाल साह को गिरफ्तार किया गया।

## भंडारे के दौरान हुई मारपीट में दोनों पक्षों से प्राथमिकी, 32 नामजद

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना के खाजेपुर खुर्द में छह अक्टूबर की शाम महावीर मंदिर समीप हो रहे भंडारा के दौरान हुई मारपीट मामले में दोनों पक्षों से प्राथमिकी कराई गई है। एक पक्ष से कृष्णा शर्मा ने 15 लोगों को नामजद करते हुए गाली गलौज व मारपीट करने व रुपये छीनने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष के रामाशंकर साह ने भी मारपीट करने, रुपये छीनने, सोने की चेन छीनने आदि का आरोप लगाते हुए 17 लोगों को नामजद किया है। पुलिस प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, जेल

**बसंतपुर(सीवान)।** थाना की गश्त दल ने शुक्रवार की शाम समरदह गांव में छापेमारी कर पांच लीटर से अधिक शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर गांव का ही धर्मनाथ मांझी है जिसे जेल भेज दिया गया।

### बाइक से गिरकर दो लोग घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के कठिया बाबा के समीप मांझी-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की शाम बाइक से गिरकर दो लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायलों में सरौत निवासी ओमप्रकाश राम का पुत्र रामेश्वर राम व सतन राम का पुत्र लक्ष्मण राम शामिल हैं।

### मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर रात नगई गांव में छापेमारी कर मारपीट मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित नगई निवासी सीताराम यादव व विशाल यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष विजय रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### 55 लीटर शराब के साथ चार गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम कठतल पुल के समीप चैनपुर-सिवान मुख्य मार्ग पर वाहन जांच के दौरान दो बाइक से ले जा रहे 55 लीटर शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनकी दोनों बाइक भी जब्त कर ली। थानाध्यक्ष विजय रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान सिसवन थाना क्षेत्र के सरउत निवासी सोनू पंडित, अजय राम, सिसवन निवासी पंकज राम एवं राजन सिंह शामिल हैं। सभी को न्यायालय भेज दिया गया।

## अर्द्धसैनिक बलों के ठहरने की व्यवस्था का लिया जायजा

### प्रखंड के दो उच्च विद्यालयों में ठहरेंगे अर्द्धसैनिक बल

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** विधानसभा चुनाव में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए अर्द्धसैनिक बलों की दो बटालियन प्रखंड में शीघ्र पहुंच रही है। इसे लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. अभय कुमार के नेतृत्व में उनके ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार मिश्र व मनमोहन कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रखंड के राजेंद्र उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज पहलेजपुर व प्रेमचंद उच्च विद्यालय सरारी का निरीक्षण किया गया। पहलेजपुर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार तथा सरारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरंजन कुमार तिवारी से कई जानकारियां ली गई। प्रत्येक विद्यालय में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ( सीआइएसएफ ) के एक बटालियन ( 120 सैनिक) के ठहरने की व्यवस्था करनी है। परिसर में साफ-सफाई, शौचालय, पेयजलापूर्ति आदि की जानकारी ली गई। इस मौके पर सेक्टर पदाधिकारी विनय कुमार तिवारी व ओमप्रकाश, राजीव कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### राजपुर में जीविका दीदियों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड के राजपुर में शनिवार को जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम बीपीएम अशोक कुमार के मार्गदर्शन में उजाला महिला जीविका ग्राम संगठन के तहत आयोजित हुआ। अभियान का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना और उन्हें मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। सामुदायिक उत्प्रेरक संगीता देवी ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार का सही उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने मतदान जागरुकता से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया और संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगी तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करेंगी। इस अवसर पर बीके रेखा कुमारी, शोभा देवी, देवंती देवी, मालती देवी, सुमन देवी सहित कई जीविका दीदी शामिल थीं।

## अर्द्धसैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च



**दैनिक खोज खबर/सीवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में कराने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में बीडीओ कुमार विशाल, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, सीओ धीरज कुमार पांडेय समेत काफी संख्या में जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च थाना मुख्यालय से शुरू होकर भगवानपुर नया बाजार, पुराना बाजार, सारीपट्टी, जगदीशपुर, हिलसड़, चोरौली, मलमलिया आदि स्थानों पर सायरन बजाते हुए पहुंचा।

## पत्नी ने शराबी पति को भेजवाया जेल

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के जुड़कन निवासी एक महिला ने शुक्रवार को शराबी पति से तंग आकर पुलिस को सूचना देकर गिरफ्तार करा दी। पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति जुड़कन निवासी बालकिशुन साह उर्फ बीरबली बताया जाता है। आसपास के लोगों ने बताया कि बाल किशुन साह उर्फ बीरबली हमेशा शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता है। उसके शराब पीने से पत्नी परेशान थी। तंग आकर उसे यह कदम उठाना पड़ा।

## सीवान : 123वें जन्मदिवस पर याद किए लोकनायक जयप्रकाश नारायण

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण का 123वां जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया गया। शहर के जेपी चौक स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की आदमकद प्रतिमा पर जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी, एडीएम प्रमोद कुमार, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर नमन किया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। डीएम ने कहा कि लोक कल्याण के लिए लोकनायक ने खुद को समर्पित कर दिया था और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए सबसे आगे रहे। हमें उनके आदर्शों से गहरी प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण की विरासत हमें सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के लिए काम करने के लिए प्रेरित करती है। हम सभी को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने और समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने का संकल्प लेना चाहिए। इसके अलावा सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी बालेंदू नारायण पांडेय, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रिजवान अहमद कुरैशी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी इश्तेयाक अली अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार समेत अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। वहीं दूसरी ओर लोकतंत्र सेनानी परिषद के तत्वाधान में जेपी सेनानियों ने माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। माल्यार्पण करने वालों में लोकतंत्र सेनानी परिषद के अध्यक्ष जनकदेव तिवारी, ठाकुर ज्वाला प्रसाद, श्रीनिवास प्रसाद, डा. दयानंद सिंह, कुमार विश्वनाथ, नंदकिशोर प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सीवान : विधानसभा चुनाव को ले व्यय प्रेक्षकों की हुई नियुक्ति

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जिले में व्यय प्रेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी आम सूचना के अनुसार आम नागरिक चुनाव से जुड़ी किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए प्रतिदिन प्रातः 10~30 बजे से 11~00 बजे तक जिला अतिथि गृह (पुराना) में प्रेक्षक से मिल सकते हैं।प्रेक्षक कोषांग के नोडल पदाधिकारी जिला अवर निबंधक पंकज कुमार झा ने बताया कि 105 सिवान सदर विधानसभा, 106 जीरादेई विधानसभा, 107 दरौली (अजा) विधानसभा तथा 108 रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 2010 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के पदाधिकारी सुनील कुमार पांडेय प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जिनका मोबाइल नंबर 8002219286 व दूरभाष संख्या 06154-291706 है। इनका आवासन जिला अतिथि गृह के कमरा संख्या एक में है। वहीं 109 दारौंदा विधानसभा, 110 बड़हरिया विधानसभा, 111 गोरेयाकोठी विधानसभा तथा 112 महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए 2012 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार तिवारी )को व्यय प्रेक्षक प्रतिनियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नंबर 7366989286 तथा दूरभाष संख्या 06154-291705 है। इनका आवासन जिला अतिथि गृह के कमरा संख्या दो में कराया गया है। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के संदर्भ में किसी प्रकार की शिकायत-सुझाव हेतु उपयुक्त नंबर का प्रयोग किया जा सकता है।

## बसंतपुर : लोडेड कट्टे के साथ बदमाश गिरफ्तार, जेल

**परवेज अख्तर/सीवान।** बसंतपुर थाने की पुलिस ने शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र से लोडेड कट्टे के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। महाराजगंज एसडीपीओ अमन ने बसंतपुर थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार बदमाश भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलिकपुरा निवासी हबीबुल रहमान है। उस पर वर्ष 2024 में भगवानपुर हाट थाने में पशु क्रूरता से जुड़ा एक मामला दर्ज है। एसडीपीओ ने बताया कि बसंतपुर थाने के पुअनि कपिलदेव प्रसाद शुक्रवार की शाम वारंटियों की गिरफ्तारी व क्षेत्र में शांति-सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे। रास्ते में ही उन्हें सूचना मिली कि बसंतपुर प्रखंड मुख्यालय के बाबू टोला चारमुहानी पुल के समीप एक युवक बैठा है जिसकी स्थिति संदिग्ध लग रही है। एसडीपीओ ने बताया कि सूचना मिलते ही पुअनि ने मेरे अलावा थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह को भी जानकारी दी व निर्देश मिलने पर पुलिस टीम ने पुल के समीप छापेमारी कर दी। पुलिस को नजदीक आता देख बदमाश भागने का भी प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। बदमाश की पहचान मलिकपुरा निवासी हबीबुल रहमान के रूप में हुई। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक कट्टा, दो गोली, एक चाकू व एक मोबाइल बरामद की गई। बाद में आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया। प्रेसवार्ता के दौरान थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सअनि कुमार कुणाल आदि उपस्थित थे।अवैध हथियार रखने वालों पर होगी कड़ी कारवाई एसडीपीओ ने बताया कि कानून सबके लिए एक समान है और इसे हर हाल में मानना ही होगा। प्रशासन क्षेत्र की हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है।

## ट्रेनों पर पथराव रोकने के लिए आरपीएफ ने चलाया जागरुकता अभियान

**सिवान।** ट्रेनों पर पत्थर फेंकने की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा शनिवार को जागरुकता अभियान चलाए गया। जिनमें छात्रों, स्थानीय समुदायों और आम लोगों को शामिल कर उन्हों जागरूक किया गया। जागरुकता अभियान में छात्रों व स्थानीय लोगों को कानूनी परिणामों के बारे में बताया गया। सभी ग्राम वासियों को रेल सुरक्षा के प्रति सजग एवं सतर्क किया गया। ग्रामीणों को ट्रेन पर फेंके जाने वाले पत्थरों को रोकने के लिए व्यापक रूप से उचित कार्रवाई करने के लिए जागरूक किया गया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को सहायक उप निरीक्षक मयंक भूषण तिवारी द्वारा क्षेत्राधिकार में ट्रेनों पर पत्थर फेंकने (स्टोन पेंटिंग) की घटनाओं को रोकने हेतु एक व्यापक जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत बनकटा-मैरवा के मध्य स्थित गेट संख्या 106 बी के आसपास स्थित ग्राम नरहिया, पकड़ी नरहिया और दास नरहिया में मैरवा माल गोदाम पर जाकर ग्रामीण जनों के बीच गहन जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्हें ट्रेनों पर पत्थर मारने के गंभीर दुष्परिणामों के संबंध में विस्तार से बताया गया।

### मारपीट में युवक घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के भागर में शुक्रवार की शाम भूमि विवाद को ले हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसका इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायल की पहचान भागर निवासी धर्मेंद्र साह के पुत्र अमित कुमार साह के रूप में हुई है।

### सीवान - प्रशिक्षण से गायब मतदान कर्मियों से स्पष्टीकरण, सकारात्मक जवाब नहीं देने पर कार्रवाई

**परवेज अख्तर/सीवान।** विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिले में आठ प्रशिक्षण केंद्रों पर मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। वहीं पहले दिन शुक्रवार को प्रशिक्षण से गायब कर्मियों से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने स्पष्टीकरण पूछा है। वहीं सकारात्मक व उचित जवाब नहीं देने की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बता दें कि जिला के आठ केंद्र यथा इस्लामिया उच्च विद्यालय, जीडीके उच्च विद्यालय रसीद चक मठिया, राजा सिंह कालेज, राजदेव सिंह कालेज, मध्य विद्यालय नया बाजार उर्दू, आदर्श वीएम मध्य विद्यालय, राजवंशी देवी बालिका उच्च विद्यालय व दारोगा प्रसाद राय डिग्री कालेज में पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी एक, मतदान पदाधिकारी दो, मतदान पदाधिकारी तीन एवं माइक्रो प्रेक्षक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## मध्य प्रदेश के सहकारिता मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार में एनडीए की सरकार बनाना भाजपा का कर्तव्य है। बूथ जितना मजबूत होगा प्रत्याशी उतना ही अधिक मत से चुनाव जीतेंगे। यह बातें मध्य प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को सुघरी गांव में भाजपा मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने भगवानपुर हाट प्रखंड के पूर्वी, पश्चिमी तथा मध्य मंडल के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा एनडीए का एक घटक दल है। राष्ट्र की तरह बिहार को भी चौमुखी विकास के लिए सुशासन की सरकार के लिए, विधि-व्यवस्था के लिए, गरीबों के उत्थान के लिए, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली के लिए एनडीए सरकार बनाना है तो बूथ स्तर पर चुनाव जीतना जरूरी है। इस अवसर पर भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी प्रवीण यादव, जिला उपाध्यक्ष सुजीत कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।